# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गोण्डा दिनांक 14.06.2022

## शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही–

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलो में शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल–31 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा–151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

## 04 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार–

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में चलाये जा रहे वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में जनपद गोण्डा के थाना मनकापुर ने 02 व थाना उमरीबेगमगंज ने 02 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध जनपदीय पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही–:

### 01. थाना नवाबगंज द्वारा की गयी कार्यवाही–

01. रामनरेश पुत्र बुधराम नि0 जैतपुर मांझा थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा के कब्जे से 20 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर मु0अ0सं0–219/22, 02. राजकुमार पुत्र सरजू प्रसाद नि0 जैतपुर मांझा थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा के कब्जे से 20 ली0 अवैध कच्ची शराब बरामद कर मु0अ0सं0–220/22, धारा 60 आबकारी अधि0 के तहत अभियोग पंजीकृत कर कार्यवाही की गयी।

# सराहनीय प्रेस नोट
# मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
# दिनांक 14.06.2022

## लडकी को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना खरगूपुर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले जाने के वांछित अभियुक्त–शिवचरन गौतम को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना खरगूपुर क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की को बहला–फुसलाकर भगा ले गये थे। जिसके सम्बन्ध में लड़की के पिता द्वारा थाना खरगूपुर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना खरगूपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्त–

01. शिवचरन गौतम पुत्र समयदीन नि0 ग्राम भीठी पटखौली विशुनपुर बैरिया थाना को0 देहात जनपद गोण्डा।

## पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–89/2022 धारा 363 भादवि थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा।

## गिरफ्तार कर्ता टीम–

उ0नि0 घनश्याम वर्मा मय टीम।

# सराहनीय प्रेस नोट
# मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
# दिनांक 14.06.2022

## नशीली गोलियों के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री मे संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना इटियाथोक पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त ढोढे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 150 अल्प्राजोलम की टेबलेट बरामद किया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना इटियाथोक में एन0डी0पी0एस0 ऐक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्त–

01. ढोढे पुत्र फागू नि0 बहलोलपुर थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।

## पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–165/22, धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 ऐक्ट थाना इटियाथोक जनपद गोण्डा।

## बरामदगी–

01. अल्प्राजोलम की 150 टेबलेट।

## गिरफ्तार कर्ता–

उ0नि0 अभिषेक वर्मा मय टीम।

# प्रेस नोट
# मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
# दिनांक 14.06.2022

## नाजायज चाकू के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री संतोष कुमार मिश्रा ने अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में अवैध शस्त्र रखने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षो को दिये थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना उमरीबेगमगंज पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त प्रमोद को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया गया। अभियुक्त के विरूद्ध थाना उमरीबेगमगंज में आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

01. प्रमोद कुमार पाठक पुत्र ओमप्रकाश पाठक नि0 बग्धी रोड भोपतपुर थाना मोतीगंज जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग–**

01. मु0अ0सं0–100/22, धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा।

**बरामदगी–**

01. 01 अदद नाजायज चाकू।

**गिरफ्तार कर्ता–**

उ0नि0 अनन्त कुमार सिंह मय टीम।

# सराहनीय प्रेस नोट
# मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
# दिनांक 14.06.2022

## चोरी करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तारः—

पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना मनकापुर पुलिस ने चोरी करने के वांछित अभियुक्त ऊदल पुत्र जयलाल को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से गटर का ढक्कन (50 किलो0) बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त ने अपने साथी अभियुक्तों के साथ मिलकर दिनांक 13.06.2022 को मनकापुर आई0टी0आई0 के गटर का ढक्कन चोरी किया था। जिसके सम्बन्ध में उपमहाप्रबन्धक आई0टी0आई0 संजीव अरोड़ा द्वारा थाना मनकापुर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। अभियुक्त अभियुक्त के विरूद्ध मनकापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्तः—

01. ऊदल पुत्र जयलाल नि0 ग्राम मिश्रौलिया पो0 अंधियारी थाना मनकापुर जनपद गोण्डा।

## पंजीकृत अभियोग—

01. मु0अ0सं0—202/22, धारा 379,411 भादवि थाना मनकापुर जनपद गोण्डा।

## गिरफ्तार कर्ता टीमः—

01. उ0नि0 वीरेन्द्र कुमार मय टीम।

# सराहनीय प्रेस नोट
# मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
# दिनांक 14.06.2022

## राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर उपद्रव करने वाले 05 अभियुक्त गिरफ्तारः–

करनैलगंज–बहराइच मार्ग (हुजूरपुर रोड़) पर दिनांक 05.06.2022 को हुई सड़क दुर्घटना में 01 महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गयी है। जिस सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0–179/22 धारा 279, 304ए भादवि व 184 एम0वी0 ऐक्ट पंजीकृत किया गया था। दुर्घटना के वक्त गांव के कुछ उपद्रवियों द्वारा करनैलगंज–बहराइच मार्ग को अवरुद्ध कर हंगामा किया गया था। जिस सम्बन्ध पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा द्वारा थानाध्यक्ष कटराबाजार को आवश्यक कार्यवाही करनें के कड़े निर्देश दिये गये थे। उक्त के क्रम में थानाध्यक्ष कटराबाजार द्वारा त्वारित कार्यवाही करते हेतु थाना स्थानीय पर मु0अ0स0–188/2022 धारा 143,341,188 भा.द.वि. पंजीकृत कराया गया था। आज दिनांक 14.06.2022 को थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त के नामित 05 नफर अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्तगणः–

01. समीर खाँ पुत्र कलीम निवासी निन्दूरा जौगिनपुरवा थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा।
02. अमजद खाँ पुत्र दिलावर निवासी निन्दूरा जौगिनपुरवा थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा।
03. फैजल खां पुत्र मुंशी रजा निवासी निन्दूरा जौगिनपुरवा थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा।
04. महबूब खां पुत्र कल्लू निवासी निन्दूरा जौगिनपुरवा थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा।
05. जहावर खां पुत्र निशार अहमद निवासी निन्दूरा जौगिनपुरवा थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा।

## गिरफ्तार कर्ता टीमः–

01. थानाध्यक्ष कटराबाजार चितवन कुमार मय टीम।

# सराहनीय प्रेस नोट
# मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
# दिनांक 14.06.2022

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना खरगूपुर पुलिस ने गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द, अपनों से मिलकर महिला व परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कानः—

पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा ने ''ऑपरेशन मुस्कान'' के तहत अभियान चलाकर गुमशुदा लड़के/लड़कियों की शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्षों को दिए थे। जिसके क्रम में थाना खरगूपुर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

दिनांक 04.06.2022 को थाना खरगूपुर क्षेत्र के अन्तर्गत परसपुर नौशहरा के रहने वाले एक युवक द्वारा थाना खरगूपुर में सूचना दी गयी कि उनके लड़के की पत्नी नाराज होकर कही चली गयी है और अभी तक घर वापस नही लौटी है। सूचना पर थाना खरगूपुर में गुमशुदगी दर्ज कर महिला की शीघ्र बरामदगी हेतु टीमें गठित की गयी थी। थानाध्यक्ष खरगूपुर कुबेर तिवारी के नेतृत्व में आज दिनांक 14.06.2022 को गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सुपुर्द किया गया। महिला से मिलकर परिजनों के चेहरे पर मुस्कान लौटी तथा परिजनो ने गोण्डा पुलिस को बहुत—बहुत धन्यवाद दिया। उक्त सराहनीय कार्य की आम जनमानस में काफी सराहना की जा रही है।

## बरामद कर्ता टीमः—

उ0नि0 चंद्रभूषण पाण्डेय मय टीम।

# सराहनीय प्रेस नोट
# मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
# दिनांक 14.06.2022

## गैरइरादतन हत्या करने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा ने अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना करनैलगंज पुलिस ने गैरइरादतन हत्या करने के वांछित अभियुक्त आकाश शुक्ला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से आलाकत्ल फावड़ा बरामद कर लिया था। उक्त अभियुक्त ने दिनांक 13.06.2022 को अपने पड़ोसी चाचा भरत राम शुक्ला पुत्र देवीदत्त को घर के बगल में झाड़ी साफ करते समय विवाद होने पर उनके सिर पर धारदार हथियार से सिर पर वार कर दिया था। जिनकी ईलाज के दौरान मृत्यु हो गयी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना करनैलगंज में सम्बन्धित धाराओं मं अभियोग पंजीकृत हुआ था। अभियुक्त के विरूद्ध थाना करनैलगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

## गिरफ्तार अभियुक्त–

01. आकाश शुक्ला उर्फ गोलू पुत्र मुलीधर शुक्ला नि0 ग्राम गनवलिया थाना करनैलगंज जनपद गोण्डा।

## पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–236/22, धारा 304 भादवि थाना करनैलगंज जनपद गोण्डा।

### बरामदगीः–

आलाकत्ल फावड़ा।

## गिरफ्तार कर्ता टीम–

उ0नि0 वेद प्रकाश शुक्ला मय टीम।

## सराहनीय प्रेस नोट
## मीडिया सेल, जनपद गोण्डा
## दिनांक 14.06.2022

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना को0 देहात पुलिस ने गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर परिजनों को किया सुपुर्द, अपनों से मिलकर महिला व परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कानः—

पुलिस अधीक्षक गोण्डा संतोष कुमार मिश्रा ने ''ऑपरेशन मुस्कान'' के तहत अभियान चलाकर गुमशुदा लड़के/लड़कियों की शीघ्र बरामदगी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्षों को दिए थे। जिसके क्रम में थाना को0 देहात पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

दिनांक 16.05.2022 को थाना को0 देहात क्षेत्र के अन्तर्गत धनईपट्टी के रहने वाले एक युवक द्वारा थाना को0 देहात में सूचना दी गयी कि उनकी पत्नी दिनांक 13.05.2022 नाराज होकर कही चली गयी है और अभी तक घर वापस नही लौटी है। सूचना पर थाना को0 देहात में गुमशुदगी दर्ज कर महिला की शीघ्र बरामदगी हेतु टीमें गठित की गयी थी। प्र0नि0 को0 देहात कमलाकान्त त्रिपाठी के नेतृत्व में आज दिनांक 14.06.2022 को गुमशुदा महिला को सकुशल बरामद कर उसके परिजन को सुपुर्द किया गया। महिला से मिलकर परिजन के चेहरे पर मुस्कान लौटी तथा परिजन ने गोण्डा पुलिस को बहुत—बहुत धन्यवाद दिया। उक्त सराहनीय कार्य की आम जनमानस में काफी सराहना की जा रही है।

### बरामद कर्ता टीमः—
उ0नि0 अवनीश शुक्ला मय टीम।